# कार्यालय,नगर पालिक निगम,राजनांदगांव (छ0ग0)

## //संक्षिप्त निविदा सूचना//

क्र.1079/निविदा/लोक–11/2016–17 राजनांदगांव दिनांक 5/9/2016

नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा गणेश विसर्जन एवं क्वांर नवरात्रि पर्व वर्ष 2016 के लिए बैठक पंडाल व्यवस्था, विद्युत प्रकाश व्यवस्था एवं ध्वनि विस्तार व्यवस्था किराये से किये जाने हेतु इंच्छुक व्यवसासियों/ किराया भंडार/टैंट एजेसीयो से आईटम दर पर मुहर बंद निविदाये दो लिफाफा पद्धति से पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/कुरियर द्वारा कार्यालयिन अवधी मे आंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र निविदाकार को निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि के पूर्व निर्धारित शुल्क जमा कर कार्यालयीन अवधि में प्राप्त किया जा सकता है अथवा वेबसाईट से सीधे निविदा प्रपत्र डाऊनलोड कर निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित राशि की अतिरिक्त डिमांड ड्राफ्ट सहित भरी हुई निविदा में अमानत राशि के साथ प्रेषित कर सकेगें।

1 निविदा प्रपत्र प्राप्त करनें आवेदन प्रस्तुत करनें की अंतिम तिथि–9/9/2016 शाम 5:00 बजे तक

2 निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 12/9/2016 शाम 3.00 बजे तक

3 प्राप्त निविदाएं खोलने की तिथि 12/9/2016 शाम 3.30 बजे तक

कार्यपालन अभियंता के कक्ष में नगर पालिक निगम, राजनांदगांव

| क्र | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र (सी) मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बैठक–पंडाल व्यवस्था<br>1. गणेश विसर्जन हेतु बैठक पंडाल 05 स्थानों पर 02 दिनों के लिए<br>2. गणेश विसर्जन हेतु बैठक पंडाल 02 स्थानों पर 01 दिन के लिए<br>3. क्वांर नवरात्रि हेतु बैठक पंडाल 02 स्थानों पर 08 दिनों के लिए | 5.00 लाख | 5000.00 | 750.00 |
| 2 | ध्वनि विस्तार व्यवस्था<br>1. गणेश विसर्जन हेतु माईक व्यवस्था 03 स्थानों पर 02 दिनों के लिए (छोटा सेट);<br>2. गणेश विसर्जन हेतु माईक व्यवस्था 08 स्थानों पर 01 दिन के लिए (01 स्थान पर बड़ा सेट एवं 07 स्थानों पर छोटा सेट)<br>3. क्वांर नवरात्रि पर्व हेतु माईक व्यवस्था 01 स्थान पर 08 दिनों के लिए (छोटा सेट) | 0.50 लाख | 1000.00 | 300.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3 | विद्युत प्रकाश व्यवस्था<br>1. गणेश विसर्जन हेतु शिवनाथ नदी मोहारा एवं शहर के 05 टावरों में विद्युत व्यवस्था 02 दिनों के लिए<br>2. क्वांर नवरात्रि पर्व हेतु विद्युत व्यवस्था 01 स्थान पर 08 दिनों के लिए | 4.00 लाख | 4000.00 | 750.00 |

शर्ते:—

1. सशर्त निविदा मान्य नही होगी ।
2. प्रत्येक ग्रुप (अ) (ब) और (स) के लिए अलग–अलग निविदा स्वीकार किये जायेंगे।
3. अमानति राशि ग्रुप (अ) हेतु 5000.00 ग्रुप (ब) 1000.00 एवं ग्रुप (स) 4000.00 रूपये का एफ.डी. आर. आयुक्त नगर पालिक निगम राजनांदगांव के नाम से देय हो संलग्न करना होगा।
4. आमंत्रित किये जाने वाले दर ऊपर दर्शित स्थानों एवं दिनों के लिए है, तदानुसार संयुक्त रूप से आईटमवार प्रति ईकाई के आधार पर दर प्रस्तुत करना होगा।
5. दर सामाग्री सूची में दर्शित सामग्रियों के अनुसार पृथक–पृथक प्रति ईकाई के आधार पर देना होगा। संयुक्त दरे स्वीकार नही किये जावेंगे।
6. समस्त ग्रुपों के कार्य हेतु (टेन्ट/शामियाना एवं अन्य सामग्री, ध्वनि विस्तार एवं विद्युत कार्य) अतिविशिष्ट व्यक्ति के कार्यक्रम की गरिमा के अनुरूप होना आवश्यक है।
7. दर समस्त कर, परिवहन व्यय सहित प्रस्तुत करना होगा।
8. सफल निविदाकार को 50.00 रूपये कोर्ट स्टाम्प पेपर पर अनुबंध करना होगा।
9. कार्य समयावधि में पूर्ण नही होने की स्थिति में अन्य एजेन्सी से कार्य कराने पर न्यूनतम दर दाता की अमानति राशि निगम कोष में राजसात होगी तथा अतिरिक्त व्यय की क्षतिपूर्ति न्यूनतम दरदाता से वसूलकर की जावेगी।
10. समस्त व्यवस्था कार्यक्रम के अनुरूप उत्तम गुणवत्ता की होनी चाहिए तथा पूर्ण परीक्षण कराकर देना होगा।
11. सामग्रियो की मात्रा में आवश्यकता अनुसार कमी/वृद्धि की जा सकेगी तथा दर्शित सामाग्रीयो के अतिरिक्त सामाग्री की आवश्यकता होती है तो निविदाकार को सामाग्री प्रदाय करनी होगी जिसका भुगतान स्वीकृत दर/बाजार दर पर किया जावेगा।
12. उपरोक्तानुसार समस्त सामाग्री नगर निगम द्वारा निर्देशित किये जाने वाले स्थलो पर निर्धारित समयावधि में एक दिन पूर्व पहुचाकर लगाकर परीक्षण कर देना होगा।
13. किसी भी दर को स्वीकार/अस्वीकार अथवा रद्द करने संबंधी समस्त अधिकार नगर निगम के पास सुरक्षित रहेंगे।
14. किसी भी विवाद की स्थिति में नगर पालिक निगम राजनांदगांव का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा। इस संबंध में किसी भी प्रकार की दावा/अपील ग्राहय नही किये जावेगें।
15. देयक भुगतान राशि उपलब्ध के आधार पर की जावेगी।
16. कार्य हेतु पूर्व से कोई भी अग्रीम भुगतान प्रदाय नही किया जावेगा।
17. दर स्पष्ट रूप से अंकित कराना होगा। कांट/छांट/अपलेखन स्वीकार नही किये जावेंगे।
18. निविदा से संबंधित विस्तृत शर्ते एवं अन्य जानकारियो नगर निगम के लोक कर्म विभाग के तकनीकी अधिकारियो द्वारा ही प्राप्त की जा सकती है।
19. सफल निविदाकार को कार्यक्रम में लगाये गये सामग्रीयों के फोटोग्राप्स देयक के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

20. उपरोक्त सामग्री दरे गणेश विसर्जन एवं क्वांर नवरात्रि वर्ष 2016 के लिए है, आवश्यकतानुसार अन्य कार्यक्रम हेतु समय में वृद्धि की जा सकती है।

05/09/16
आयुक्त,
नगर पालिक निगम,राजनांदगांव

पृ0क्र1080/निविदा/लोक–11/2016–17 राजनांदगांव दिनांक 5/9 /2016

प्रतिलिपि:–

1. माननीय महापौर नगर पालिक निगम,राजनांदगांव को सूचनार्थ।
2. माननीय अध्यक्ष, नगर पालिक निगम,राजनांदगांव को सूचनार्थ।
3. सहायक जनसंपर्क अधिकारी, नगर पालिक निगम,राजनांदगांव को सूचनार्थ।
4. राजस्व अधिकारी, नगर पालिक निगम,राजनांदगांव को सूचनार्थ।
5. प्रभारी अधिकारी,डाटा सेंटर नगर पालिक निगम,राजनांदगांव को सूचनार्थ एवं विभागीय एवं शासन के वेबसाईड में अपलोड किये जाने।
6. कार्यालय ——————————————नोटिस बोर्ड चस्पा हेतु।

05/09/16
आयुक्त,
नगर पालिक निगम,राजनांदगांव